कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2015/3158 लखनऊःदिनांकः 24 सितम्बर 2015

## सी0पी0एम0टी0 2015 की तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के संबंध में अति आवश्यक सूचना

सी0पी0एम0टी0 2015 की तृतीय काउंसिलिंग जो दिनांक 19 सितम्बर 2015 से 24 सितम्बर 2015 के मध्य सम्पन्न की जा रही थी, को दिनांक 20 सितम्बर 2015 की सायं को मा0 उच्चतम न्यायालय के रिट याचिका (सिविल) संख्या–659/2015 सन्तोष आर. बनाम यूनियन आफ इण्डिया में पारित आदेश के अनुपालन में स्थगित कर दिया गया था। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 28 सितम्बर 2015 को प्रस्तावित है, तद्नुसार मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पश्चात ही सुस्पष्ट सीटों की संख्या (आल इण्डिया पी0एम0टी0 की सीटों को सम्मिलित किया जाना अथवा न किया जाना) सुनिश्चित की जा सकती है। उक्त आदेश में यदि एम0बी0बी0एस0 तथा बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 30 सितम्बर 2015 ही निर्धारित रहती है, ऐसी दशा में दिनांक 30 सितम्बर 2015 से पूर्व काउंसिलिंग कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जानी अपरिहार्य है। तद्नुसार तृतीय चक्र की काउंसिलिंग की समय सारिणी निम्नवत निर्धारित की जाती हैः–

| दिनांक एवं समय | काउंसिलिंग स्थल (टेलीमेडिसिन सेन्टर) | आमंत्रित अभ्यर्थी | प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 28.9.2015 पूर्वान्ह 11:00 बजे से | 1- S.G.P.G.I., Lucknow. Tel- 0522- 2495235<br>2-GSVM Medical College, Kanpur. Tel: 0512-2535483<br>3- MLN Medical College, Allahabad. Tel. 0532-2256507<br>4- L.L.R.M.Medical College, Meerut. Tel:0121-2760888 | • ST* Open- सभी अर्ह<br>• SC*(Open& Girls)-स्टेट रैंक 01 से 20000 तक<br>• अनारक्षित एवं अन्य पिछडा वर्ग (Open& Girls)-स्टेट रैंक 01 से 2000 तक | दिनांक 29.9.2015 तक। |
| 29.9.2015 प्रातः 10:00 बजे से | ———————तदैव——————— | निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेज हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी | दिनांक 30.9.2015 तक। |

* यद्यपि दिनांक 20.9.2015 को एस0टी0 श्रेणी के सभी अर्ह छात्रों एवं एस0सी0 श्रेणी की ओवर आल स्टेट रैंक 10000 तक की काउंसिलिंग सम्पन्न की जा चुकी है किन्तु आवंटन पत्रों का वितरण नहीं किया गया है। यदि मा0 उच्चतम न्यायालय का आदेश ऑल इण्डिया कोटा की रिक्त सीटों को सम्मिलित करने के विपरीत आता है, तो सम्बन्धित छात्रों को सी0पी0एम0टी0 कोटे के अन्तर्गत तत्समय उपलब्ध सीटों के निमित्त पुनः आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे छात्र जो दिनांक 19 एवं 20 सितम्बर 2015 को रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं, उनका रजिस्ट्रेशन दिनांक 29 सितम्बर 2015 की काउंसिलिंग हेतु मान्य होगा तथा उन्हे पुनः कोई शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई छात्र द्वारा दिनांक 19 एवं 20 सितम्बर 2015 को निर्धारित तिथि पर पंजीकरण नहीं करा सका है, वह दिनांक 28 सितम्बर 2015 को अपने निर्धारित काउंसिलिंग केन्द्र पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक पंजीकरण कराते हुए काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

- उपश्रेणी (EA तथा PH) के छात्र जिन्हे दिनांक 20.9.2015 को आवंटन प्रदान किया गया था, वह अपना आवंटन पत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 28.9.2015 को अपने काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1– काउसिंलिंग हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही की जायेगी। प्रकाशित सूचना तथा website www.updgme.in तथा www.updgme.co.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना होगा ।

2– श्रेणी विशेष की निर्धारित सीटें समाप्त होने पर उस श्रेणी की काउसिंलिग समाप्त कर दी जायेगी।

3– काउसिंलिग बोर्ड का निर्णय प्रत्येक प्रकरण में अंतिम व मान्य होगा।

4– काउसिंलिग के समय अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण पत्र सहित) तथा उनकी एक–एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि एवं सी0पी0एम0टी0–2015 के आवेदन पत्र पर चस्पा की गयी फोटो की 04 प्रतियां तथा सी0पी0एम0टी0–2015 का प्रवेश पत्र मूल रूप में साथ लाना आवश्यक है। अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जो दिनांक **31 मार्च 2015** के बाद का बना हो, तथा जिसमें क्रीमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो, मूल रूप में लाना सुनिश्चित करें। **मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

5– सी0पी0एम0टी0 2015 की प्रथम/द्वितीय काउंसिलिंग के माध्यम से अध्ययनरत छात्र एवं अखिल भारतीय कोटा–2015 की काउंसिलिंग के माध्यम से उ0प्र0 के राजकीय मेडिकल कालेजों/के0जी0एम0यू0, लखनऊ/यू0पी0रिम्स एण्ड आर, सैफई, इटावा में प्रवेशित छात्रों को काउंसिलिंग के समय प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत अनापत्ति (N.O.C) तथा समस्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

6– अखिल भारतीय कोटा 2015 के माध्यम से राजकीय मेडिकल कालेजों/के0जी0एम0यू0, लखनऊ/यू0पी0रिम्स एण्ड आर, सैफई, इटावा से इतर किसी अन्य मेडिकल संस्थान में प्रवेशित छात्र को दिनांक 28.9.2015 को काउंसिलिंग के समय यथासम्भव मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, परन्तु विषम परिस्थिति में प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत अनापत्ति (N.O.C) तथा समस्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। औपबन्धिक आवंटन प्राप्त करने के पश्चात सम्बन्धित छात्र को अपने पूर्व प्रवेशित कालेज को ई–मेल/फैक्स के माध्यम से त्यागपत्र प्रेषित कर साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा, तत्पश्चात आवंटन पत्र प्राप्त कर नवआवंटित मेडिकल कालेज में निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा कर प्रवेश लेना होगा। ऐसा न करने की स्थिति में सम्बन्धित छात्र का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र का होगा।

7– अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि यदि उक्त तिथि में होने वाली काउंसिलिंग अपरिहार्य कारणों से पूर्ण नहीं हो पाती है तो उसी क्रम में बचे हुये अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग अगले दिन सम्पन्न की जायेगी। अतः अभ्यर्थी अपनी काउंसिलिंग तिथि से एक दिन का अतिरिक्त समय लेकर ठहरने की व्यवस्था के साथ उपस्थित हों।

8– अभ्यर्थियों को निर्देषित किया जाता है कि शासनादेष संख्या–2240/71–3–2010–328/92, दिनांक 20 अगस्त, 2010 **(वेबसाईट www.updgme.in पर उपलब्ध)** द्वारा निर्धारित प्रवेष संबंधी शुल्क की व्यस्था सुनिश्चित कर लें जिससे कि आवंटन के पश्चात् तत्काल आवंटित मेडिकल कालेज में प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

9– अन्य निर्देश तथा विवरण इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in तथा www.updgme.co.in पर उपलब्ध है। कृपया वेबसाईट का अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

## मॉपअप राउण्ड आवंटन

दिनांक 29.9.2015 तथा उससे पूर्व आवंटित छात्रों के प्रवेश न लेने, त्यागपत्र देने अथवा किसी अन्य कारण से रिक्त सीटों पर मॉपअप राउण्ड के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही जाएगी।

| दिनांक एवं काउंसिलिंग स्थल | आमंत्रित अभ्यर्थी | |
|---|---|---|
| 30.9.2015 सायं 3:00 बजे से (मात्र टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ पर) | ओवर आल स्टेट रैंक–1 से 2000 तक के अन्तर्गत– | अनारक्षित/General - (OP, GL,)<br>OBC-(OP, GL) |
| | ओवर आल स्टेट रैंक–01 से 20000 तक के अन्तर्गत– | SC - (OP, GL) |
| | ओवर आल स्टेट रैंक–01 से सभी अर्ह | अनारक्षित/General-(EA, FF, NCC, PH)<br>OBC- EA, FF, NCC, PH)<br>SC- EA, FF, NCC, PH<br>ST (OP, GL श्रेणी के सभी अर्ह) |

- सी0पी0एम0टी0–2015 की तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के पश्चात अपरिहार्य कारणों से एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर आवंटन की कार्यवाही विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ (केवल लखनऊ केन्द्र पर ही ) में दिनांक 30 सितम्बर 2015 को अपरान्ह 4:00 बजे से सम्पन्न की जायेगी।

- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी <u>अर्ह होंगे</u>–
    1 सी0पी0एम0टी0 2015 में उत्तीर्ण एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु अर्ह अभ्यर्थी जिनके पास पास मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध है अथवा सी0पी0एम0टी0 2015 की पूर्व काउंसिलिंग के माध्यम से BDS पाठ्यक्रमों में प्रवेशित है। बी0डी0एस0 में प्रवेशित इच्छुक छात्रों द्वारा इस विशेष आवंटन में प्रतिभाग करने हेतु सम्बन्धित कालेजों से त्याग पत्र देते हुए मूल प्रमाण–पत्रों के साथ विशेष आवंटन में उपस्थित होना आवश्यक है।
- इस आवंटन में कोई पुनरावंटन (Reshuffeling) अनुमन्य नही होगा। विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह <u>नही होंगे</u>–
    1 सी0पी0एम0टी0–2015 की प्रथम/द्वितीय/तृतीय काउंसिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 आवंटन प्राप्त (प्रवेषित/अप्रवेषित/त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी।
    2 अखिल भारतीय प्रवेष परीक्षा/All India quota के माध्यम से प्रवेषित अभ्यर्थी।
    3 विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
- **विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में अभ्यर्थियों को समान पाठ्यक्रम में कालेज का परिवर्तन/पुनरावंटन अनुमन्य नहीं होगा, यद्यपि पाठ्यक्रम/विधा परिवर्तन (Course Change) का विकल्प ही अनुमन्य होगा।**
- इस सम्बन्ध में छात्रों द्वारा विशेष ध्यान रखा जाय कि क्योकि यह प्रक्रिया विशेष आवंटन की है तथा काउन्सिलिंग की नही। अतः इस प्रकार से जिन छात्रों द्वारा त्याग पत्र दिया गया है, उन्हें पुनः अपने मूल सीट पर प्रवेश उपलब्ध नही होगा। उदाहरणतः यदि बी0डी0एस0 में प्रवेशित छात्र द्वारा विशेष आवंटन में प्रतिभाग लेने की इच्छा से त्याग पत्र देते हुए विशेष आवंटन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया गया परन्तु इच्छानुसार एम0बी0बी0एस0 सीट नही उपलब्ध हुयी तो ऐसी दशा में इस छात्र को बी0डी0एस0 में पुनः कोई भी सीट उपलब्ध नही होगी।

- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से आवंटित सीटों पर प्रवेष प्रक्रिया आवंटन स्थल (**टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ** ) पर ही सम्पन्न करायी जानी है, अतः अभ्यर्थियों को निर्देषित किया जाता है कि शासनादेष संख्या–2240/71–3–2010–328/92, दिनांक 20 अगस्त, 2010 (**वेबसाईट www.updgme.in पर उपलब्ध**) द्वारा निर्धारित प्रवेष संबंधी शुल्क के साथ उपस्थित होना सुनिष्चित करें ताकि आवंटन स्थल पर ही प्रवेष सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

काउंसिलिंग शुल्क तथा सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की प्रकिया एवं अन्य सामान्य निर्देश कार्यालय की पूर्व विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–3/2015/2897 दिनांक 11 सितम्बर 2015, जो दिनांक 12 सितम्बर 2015 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, तथा इस कार्यालय की वेबसाईट www.updgme.iद तथा www.updgme.co.in पर भी उपलब्ध है, के अनुरूप यथावत रहेंगे।

- रिट याचिका (सिविल) संख्या–659/2015 सन्तोष आर. बनाम यूनियन आफ इण्डिया में दिनांक 28 सितम्बर 2015 को यदि मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश की अन्तिम तिथि बढा दी जाती है, तो दिनांक 30 सितम्बर 2015 को मॉपअप राउण्ड का आवंटन सम्पन्न नहीं किया जाएगा।

**बी0ए0एम0एस0, बी0एच0एम0एस0 तथा बी0यू0एम0एस0 पाठ्यकमों की काउंसिलिंग के संबंध में विवरण**

| काउंसिलिंग स्थल (टेलीमेडिसिन सेन्टर) | आमंत्रित अभ्यर्थी<br>स्टेट रैंक (ओवर आल रैंक) | **प्रमाण पत्रों के सत्यापन का दिनांक एवं पंजीकरण तिथि**<br>(समय प्रातः 09:30 बजे से सायं 5.00 बजे तक ) | **काउंसिलिंग की तिथि** | **पाठ्यकम** |
|---|---|---|---|---|
| 1- S.G.P.G.I., Lucknow. Tel- 0522-2495235 | <u>ओवर आल स्टेट रैंक– 01 से 2000</u> –<br>• अनारक्षित/General - (OP, GL, | 05.10.2015 (सोमवार) | 05.10.2015 (सोमवार) | BAMS/BHMS/BUMS**<br>(शासकीय एवं निजी क्षेत्र की सीटें) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2-GSVM Medical College, Kanpur. Tel: 0512- 2535483<br>3- MLN Medical College, Allahabad. Tel. 0532- 2256507<br>4- L.L.R.M.Medical College, Meerut. Tel:0121- 2760888 | EA, FF, NCC, PH)<br>• OBC-( OP, GL, EA, FF, NCC, PH)<br>• SC-( OP, GL, EA, FF, NCC, PH)<br>• ST-( OP, GL, EA, FF, NCC, PH) | | | |
| –तदैव– | <u>ओवर आल स्टेट रैंक– 2001 से सभी अर्ह–</u><br>• अनारक्षित/General - (OP, GL, EA, FF, NCC, PH)<br>• OBC-( OP, GL, EA, FF, NCC, PH)<br>• SC-( OP, GL, EA, FF, NCC, PH)<br>• ST-( OP, GL, EA, FF, NCC, PH) | 05.10.2015 (सोमवार) | 06.10.2015 (मंगलवार) | –तदैव– |

** ** भारत सरकार/सी0सी0आई0एम0, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त होने पर ही आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।

नोट–

1– काउंसिलिंग शुल्क तथा सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की प्रक्रिया एवं अन्य सामान्य निर्देश कार्यालय की पूर्व विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–3/2015/2897 दिनांक 11 सितम्बर 2015, जो दिनांक 12 सितम्बर 2015 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, तथा इस कार्यालय की वेबसाईट www.updgme.in तथा www.updgme.co.in पर भी उपलब्ध है, के अनुरूप यथावत रहेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने तृतीय काउंसिलिंग (दिनांक 19 से 24 सितम्बर, 2015 अथवा दिनांक 28 सितम्बर, 2015) हेतु रजिस्ट्रेशन कराया है उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन/शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

महानिदेशक